रक्षा उत्पादन, आसूचना और सिग्नल विभागों में राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) के अधीन राजभाषा का प्रयोग नाम मात्र का किया जा रहा है और इन विभागों में मुख्यतया अंग्रेजी का प्रयोग किया जा रहा है तथा टेलेक्स, टेलीप्रिंटर, कम्प्यूटर, वायरलैस मशीनों आदि में अंग्रेजी प्रयोग में लायी जाती है और इस प्रकार राजभाषा की उपेक्षा की जा रही है ; और

(ख) क्या रक्षा मंत्रालय में अंग्रेजी का प्रयोग शीघ्रातिशीघ्र बंद कर दिए जाने की संभावना है ?

**रक्षा मंत्रालय में रक्षा अनुसंधान और विकास विभाग में राज्य मंत्री ( श्री अरुण सिंह)** : (क) और (ख) राजभाषा अधिनियम एवं द्विभाषीय यांत्रिकी सहायता के यथासंभव उपयोग सहित राजभाषा विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए अनुदेशों के प्रावधानों का अनुपालन करते हुए हिन्दी के प्रगामी प्रयोग के लिए सभी रक्षा संगठनों में सम्मिलित प्रयास किए जा रहे हैं ।

**दूरदर्शन कार्यक्रमों में हिन्दी का घटता हुआ प्रयोग**

1307. **श्री रामचन्द्र विकल** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दूरदर्शन कार्यक्रमों में हिन्दी तथा अन्य भारतीय भाषाओं का प्रयोग निरंतर घटता जा रहा है ;

(ख) यदि हाँ, तो इसके क्या कारण है ;

(ग) क्या दूरदर्शन के कार्यक्रम केवल अंग्रेजी समझने वाले दो या तीन प्रतिशत लोगों के लिए हैं ; और

(घ) यदि नहीं, तो इस नीति को तत्काल बदला क्यों नहीं जाता ?

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री ( श्री अजीत पांजा)** : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) और (घ) अंग्रेजी के कार्यक्रमों, जो सामान्यतः रात 9.30 बजे के बाद टेलीकास्ट किए जाते हैं, का अंश 1987 के दौरान दूरदर्शन केन्द्र, दिल्ली के मुख्य चैनल पर प्रति सप्ताह कुल प्रेषण समय का 24.6% है । इसकी तुलना में, हिन्दी, अन्य भारतीय भाषाओं और वाद्य/भाषा रहित कार्यक्रमों का अंश उसी अवधि के दौरान प्रति सप्ताह क्रमशः 60.4%;, 10.5%; और 4.5%; है ।

I/Kng Term fiscal Policies

1308. SHRI SHANKER SINH VAGHELA: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether according to Government's long term and other fiscal policies—

(i) a limit of Rs. 14,000 crore was laid down for deficit financing over this entire 7th Plan period;

(ii) the Plan limit for defence expenditure was about Rs. 45,000 crore;

(iii) the subsidies had a planned limit of about Rs. 18,000 ereVes and

(iv) the Public Sector was expected to pay for about 54 per cent of the Central Plan the next year; and

(b) if so, the actual achievements as yet and the estimates for the remaining Plan period on these counts and how much they differ from the originally set targets?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI BRAHM DUTT): (a) and (b) A statement giving the required information for the first three years of the Seventh Plan period (1985-86 to 1987-88) along with the provision assumed for the Plan period (1985-86) is attached. (See below) Estimates for the remaining two years of the Plan period will become available only when the Budgets for 1988-89 and 1989-90 are presented to parliament.